उड़न सिख सरदार मिल्खा सिंह स्टेडियम

चर्चा में क्यों?

8 नवंबर, 2021 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने करनाल शहर के वार्ड 16 स्थित गप्पू वाला बाग स्थल पर, करनाल स्मार्ट सिटी लिमिटेड की ओर से करीब 4 एकड़ में बनाए गए मिनी खेल स्टेडियम को उड़न सिख सरदार मिल्खा सिंह खेल मैदान नाम देने की घोषणा की।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने बताया कि इस स्टेडियम के गेट पर सरदार मिल्खा सिंह की एक प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी तथा इसके साथ लगती करीब ढाई एकड़ भूमि पर सामुदायिक केंद्र व इसके प्रथम तल पर लाईब्रेरी की स्थापना होगी।
- खेल मैदान के एक कोने पर योगाशैड बनाया जाएगा, जिसमें योग कक्षाएँ लगेंगी। इसके अतिरिक्त करनाल से सटे कैलाश गाँव में उपलब्ध 7 एकड़ ज़मीन पर करीब 8 करोड़ रूपए की लागत से हॉकी का एस्ट्रोटर्फ मैदान बनाया जाएगा।
- **मुख्यमंत्री ने एक कार्यक्रम में, के.एस.सी.एल. की ओर से करीब 8 करोड़ 22 लाख रूपए की लागत से तैयार मिनी खेल स्टेडियम, अटल पार्क का सौंदर्यीकरण, विभिन्न सड़कों का सुदृढ़ीकरण तथा फुटपाथों पर टेक्टाईल से निर्माण कार्य सहित 4 परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/udan-sikh-sardar-milkha-singh-sports-stadium